# नौतपे की अष्टमी पर प्री मानसून की जोरदार एंट्री

## पिछले 9 घंटो में 1 मिमी बारिश दर्ज, सोमवार को जिले भर में जोरदार बारिश हुई, फिजा में ठण्डक घुली

**अचानक बदला मौसम नवतपे का आज आखिरी दिन, पिछले चार दिनों में पारा 8 डिग्री लुढ़का**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 जून, का.** नौतपे के आठवें दिन प्री मानसून ने अपनी जोरदार एंट्री दर्ज कराई है. जिले भर में सुबह 10 बजे के बाद कम देर की लेकिन जोरदार बारिश दर्ज की गई है. दोपहर होते होते जिले भर में कईं स्थानों पर बारिश की खबरें आई वहीं दोपहर बाद फिर से काले बादल छाए और बारिश का क्रम जारी रहा. जिले के पचोर, माचलपुर, कुरावर, सारंगपुर और खिलचीपुर में ज्यादा बारिश हुई है. कईं स्थानों पर तेज हवाएं चली. जीरापुर और ब्यावरा में करीब आधे घंटे तक सुबह और दोपहर 3 बजे के बाद करीब एक घंटे तक बारिश रूकरूक कर होती रही.

उल्लेखनीय है कि आग और कहर बरपाने वाली गर्मी ने नौतपे के छटवें दिन अपने मिजाज नर्म किए थे. जो कि आठवें दिन बारिश और ठण्डक के रूप में बदल गए.

### पहली बारिश में ही खुली नगर परिषद की पोल

**नवभारत न्यूज, जीरापुर 01 जून, सं.** नौतपा की तपिश के बीच सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली. दोपहर करीब 1 बजे हुई झमाझम बारिश ने नगर परिषद के नालीयों की सफाई और जल निकासी के दावों की पोल खोलकर रख दी. तेज बारिश के चलते नालियां उफान पर आ गई. कई दिनों से नालियों में जमा कचरा, पॉलीथिन और बदबूदार गाद माचलपुर नाका, मुंदड़ा पेट्रोल पंप के पास, बस स्टैंड सहित नगर की मुख्य सड़कों पर बह निकला. इससे राहगीरों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. नगर परिषद को स्वच्छता के नाम पर हर साल लाखों का बजट मिलता है, इसके बावजूद नगर में नालियों की सफाई पर प्रश्न चिन्ह लगता है. सोमवार की बारिश ने परिषद के सफाई अभियान की हकीकत सामने ला दी. जब मुख्य बाजार और बस स्टैंड जैसे इलाकों की यह स्थिति है तो गली-मोहल्लों के हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है. नगरवासियों ने प्रशासन से जल्द नालियों की सफाई कराकर जल निकासी दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि आगामी बारिश में ऐसी स्थिति दोबारा न बने.



### 70 किमी की स्पीड से चल सकती हैं हवाएं

इधर सोमवार शाम मौसम विभाग द्वारा प्रदेश के कुछ अंचलों में तेज हवाओं के चलते का अनुमान जारी किया है. इसमें राजगढ़ जिले में आगामी दो दिनों तक 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी साथ ही आंधी और बिजली गर्जना के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है. वहीं नीमच, मंदसौर में बिजली/ओलावृष्टि (हवा की गति 90 किमी प्रति घंटे) के साथ गंभीर तूफान आने की संभावना है, साथ ही बड़वानी/बावनगजा, राजगढ़, खरगोन/महेश्वर, खंडवा/ओंकारेश्वर, हरदा, देवास, बुरहानपुर, रतलाम/धोलावाड, श्योपुर कलां, आगर, राजगढ़ में मध्यम गरज के साथ बिजली/ओलावृष्टि/(हवा की गति 70 किमी प्रति घंटे) होने की संभावना है। उज्जैन/महाकालेश्वर और रात के समय इंदौर/एपी, शाजापुर, सीहोर, भोपाल/बैरागढ़, शिवपुरी, गुना, मुरैना, छिंदवाड़ा, बैतूल, पांढुर्ना, सिवनी, विदिशा/उदयगिरि, रायसेन/सांची/भीमबेटका, सागर, नरसिंहपुर, दमोह, अशोकनगर, ग्वालियर/एपी, जबलपुर, धार/मांडू में हल्की गरज के साथ बिजली (50 किमी प्रति घंटे तक की हवा) चल सकती है.

### अधिकतम तापमान 38 .5, न्यूनतम 27 पर पहुंचा

इधर सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 38 .5 डिग्री दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान एक दिन पूर्व रविवार की रात 27 डिग्री दर्ज किया गया है. गर्मी से पूरे दिन लोगों को राहत मिली वहीं सोमवार देर शाम तक हल्की बरसात और ठण्डी हवाओं का क्रम जारी रहा. पिछले एक पखवाड़े से जारी लू और हीट वेव पूरी तरह बंद हो चुकी है.



### 65 पुलिस अधिकारियों को दिया सिंहस्थ के लिए प्रशिक्षण

**राजगढ़ 01 जून, का.** सिंहस्थ महापर्व-2028 को सफल बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल को व्यवहारिक, तकनीक आधारित एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है. एसपी अमित तोलानी के निर्देशन में सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में सिंहस्थ की तैयारियों के अंतर्गत 6 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया. प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में कुल 65 प्रशिक्षणार्थियों ने सहभागिता की. प्रशिक्षण के दौरान सिंहस्थ महापर्व जैसे विशाल धार्मिक आयोजनों में कानून-व्यवस्था संधारण, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था, सामुदायिक पुलिसिंग, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, संचार एवं समन्वय, वीआईपी ड्यूटी, मानव व्यवहार, चिकित्सा सहायता, असूचना संकलन, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश-निकास मार्ग प्रबंधन तथा आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया. प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को बड़े धार्मिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान प्रभावी पुलिस प्रबंधन, त्वरित निर्णय क्षमता, संसाधनों के समुचित उपयोग तथा समन्वित कार्यप्रणाली के महत्व से अवगत कराया गया. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 दिवस तक संचालित किया जाएगा, जिसके माध्यम से प्रशिक्षित अधिकारी एवं कर्मचारी को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे.

## एक नजर में

### कईं वर्षों से फरार दो आरोपियों को दबोचा

**बोड़ा 01 जून, सं.** थाना बोडा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए 12 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी तथा 4 वर्ष से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया. जानकारी अनुसार न्यायिक मजिस्ट्रेट टीकमगढ़ के एक प्रकरण में जारी स्थाई वारंट के तहत आरोपी विकास पिता डावो सांसी निवासी कड़िया सांसी पिछले करीब 12वर्षों से तथा पुलिस थाना कोतवाली टीकमगढ़ के अन्य में फरार आरोपी बंटी पिता बालकिशन सासी निवासी कड़ियासांसी जो पिछले 4 साल से फरार चल रहा था. इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पूर्व में कई बार प्रयास किए गए, किंतु वह लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचते रहे. बोडा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 01 जून को वारंटी के ग्राम कड़िया सासी में छिपे होने की सूचना मिलते ही कार्रवाई करते हुए दबिश दी. आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा.

### सर्व ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी गठित

**सुठालिया 01 जून, सं.** सोमवार सांयकाल महावीर आश्रम बड़ा बाग स्थित मंदिर परिसर में नगर के सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित की गई. भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपरांत हुई इस बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया. बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षक ओमप्रकाश शर्मा को समाज का अध्यक्ष चुना गया. पं. उमेश मिश्रा, बद्री प्रसाद पालीवाल सतीश मिश्रा और शिक्षक बनवारीलाल भार्गव को संरक्षक का दायित्व सौंपा गया. युवा समिति की कमान अभिषेक शर्मा को दी गई, उन्हें युवा समिति अध्यक्ष चुना गया. बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह के पहले रविवार को बड़ा बाग में सुंदरकांड पाठ के पश्चात समाज की बैठक आयोजित होगी. साथ ही अगली बैठक में नवीन महिला कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा.

### लंबित राजस्व प्रकरणों को निपटाने की मांग

**राजगढ़ 01 जून, का.** भूमि आवंटन एवं अन्य राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई तथा इनके नियमित अनुश्रवण के निर्देश दिए गए. मेडिको - लीगल प्रकरणों, पोस्टमार्टम एवं एमएलसी मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि इनकी ऑनलाइन प्रगति नियमित रूप से अपडेट रखी जाए. अज्ञात वाहन दुर्घटना संबंधी प्रकरणों की भी समीक्षा की गई तथा पिछले दो वर्षों से लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. साथ ही प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रचार-प्रसार के लिए सभी पात्र अस्पतालों में योजना संबंधी बैनर लगाने की जिम्मेदारी सीएमएचओ एवं आरटीओ को सौंपी गई. एक सप्ताह के भीतर इसकी अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. साथ ही योजना में सूचीबद्ध अस्पतालों की अद्यतन सूची तैयार रखने को कहा गया. बैठक में शस्त्र लाइसेंस जारी करने एवं नवीनीकरण संबंधी लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जून माह में विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए. ओआईसी शस्त्र को इस संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत सेवाओं के प्रदाय में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी.

## केवल टोकन पद्धति से ही मिलेगा किसानों को खाद

### किसान संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक में व्यवस्था



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 जून, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को किसान संघ के पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में खरीफ सीजन के दौरान किसानों को उर्वरकों की सुचारु उपलब्धता, वितरण व्यवस्था, फसल बीमा एवं किसान हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में उर्वरक वितरण की प्रक्रिया पूर्णतः ई-टोकन आधारित होगी तथा किसानों को खाद वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से जारी किए गए, ई-टोकन के आधार पर ही किया जाएगा.**


उन्होंने कहा कि शासन की मंशा किसानों को पारदर्शी, व्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराना है. ई-टोकन व्यवस्था लागू होने से अनावश्यक भीड़, लंबी कतारों एवं वितरण संबंधी अव्यवस्थाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने किसान संघ के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे किसानों को ई-विकास प्रणाली पर पंजीयन एवं ई-टोकन प्राप्त करने के लिए जागरूक करें. उन्होंने कहा कि किसान आधार एवं मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीयन कर अपनी आवश्यकता अनुसार उर्वरक के लिए ई-टोकन प्राप्त कर सकते हैं तथा निर्धारित तिथि एवं केंद्र पर पहुंचकर आसानी से खाद प्राप्त कर सकते हैं.

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले की सभी सहकारी समितियों एवं उर्वरक वितरण केंद्रों पर ई-टोकन व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने कहा कि खाद वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा अपारदर्शिता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा शिकायत प्राप्त होने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. बैठक में प्रशासन एवं किसान संगठनों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा कृषि हितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया.

### चतरूखेड़ी में 400 साल बाद सुंदरकांड पाठ

**पडाना 01 जून, सं.** शनिवार शाम समीपस्थ ग्राम चतरू खेड़ी में स्थित नवनिर्मित खेड़ापति हनुमान मंदिर में ऐतिहासिक आयोजन हुआ. करीब 400 साल बाद मंदिर परिसर में पहली बार सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया. पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. पूरे परिसर में भक्ति गीतों और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा. कन्या पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया.ग्रामीणों ने बताया कि नवनिर्मित खेड़ापति हनुमान मंदिर के निर्माण के बाद यह पहला बड़ा धार्मिक आयोजन था. 400 साल के लंबे अंतराल के बाद गांव में धार्मिक चेतना बढ़ी है.

## रामेश्वरम स्थापना और संजीवनी कांड बने आकर्षण का केंद्र



नवभारत न्यूज

**पडाना 01 जून, सं.** मगराना में चल रहे रामलीला महोत्सव में रविवार रात दो प्रसंगों ने सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं का मन मोह लिया. रामेश्वर स्थापना और संजीवनी कांड. हनुमान भक्त मंडल मगराना के इस आयोजन में युद्ध कांड की झलकियां दिखाते हुए इन दोनों दृश्यों को बेहद भव्य रूप दिया गया. लंका पर चढ़ाई से पहले भगवान राम द्वारा समुद्र तट पर रामेश्वरम शिवलिंग स्थापना का दृश्य देखकर पूरा पंडाल मंत्रमुग्ध हो गया. वैदिक मंत्रोच्चार, रुद्राभिषेक और घंटों की गूंज से वातावरण शिवमय हो उठा. सैकड़ों भक्तों ने बेलपत्र चढ़ाकर आशीर्वाद लिया. इससे भी ज्यादा भावुक कर देने वाला रहा संजीवनी कांड. मेघनाथ की शक्ति से लक्ष्मण मूर्छित हुए तो पूरे मैदान में सन्नाटा छा गया. तभी हनुमान जी ने कालनेमि का वध कर द्रोणागिरि पर्वत उठाया और संजीवनी बूटी लेकर पहुंचे. बूटी की दिव्य महक से लक्ष्मण उठे तो जय जय श्री राम, जय बजरंग बली के जयकारों से आकाश गूंज उठा.आतिशबाजी और पुष्प वर्षा के बीच राम दल के गले मिलने का दृश्य देखकर हर आंख नम हुई.

## मुआवजे के विरोध में 5 जून को किसान यूनियन की ट्रैक्टर रैली

### पार्वती परियोजना में मुआवजा विसंगतियों को लेकर डैम प्रभावितों की किसान महापंचायत लगी

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 01 जून, सं. भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के नेतृत्व में डैम प्रभावित किसानों की महापंचायत कालाजी मंदिर शंभुपुरा पर संपन्न हुई जिसमें किसानों ने सरकार का आव्हान किया है कि उनके साथ न्याय किया जाए मुआवजा वितरण में हो रहे भेदभावपूर्ण रवैए को खत्म कर एक समान मुआवजा दिया जाए एक ही विज्ञप्ति एक ही परियोजना किसी को दो गुना किसी को चार गुना यह नहीं चलेगा किसानों ने 5 जून एक ट्रेक्टर रैली और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन का कार्यक्रम रखने का भी ऐलान किया.**



सरकार किसानों के हितों को अनदेखा करेगी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा महापंचायत के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी रहे जिन्होंने कहा कि उनका संगठन किसानों के साथ खड़ा है उन्हें न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता में है इस मौके पर नारायण सिंह चौहान जिला अध्यक्ष गुना ने कहा संविधान ने हमें समानता का अधिकार दिया है इसमें उसका हनन हो रहा है इसके अलावा भू-अर्जन 2013 में रनिंग परियोजना में समान मुआवजा दिए जाने का उल्लेख है.

परन्तु सरकार आंख मूंदे हुए है सरकार ने किसानों की बात नहीं मानी तो हमें कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा महापंचायत में जशरथसिंह गुर्जर जिला अध्यक्ष राजगढ़, भगवान सिंह पटेल प्रदेश प्रभारी, केशर सिंह गुर्जर प्रदेश संगठन मंत्री, पुरुषोत्तम धनगर प्रभारी मंत्री, सुनील दांगी महामंत्री पटेल इन्दरसिंह बलराम सिंह बना टोड़ी जागीर हीरालाल पटेल, मौहर सिंह लोधी रघुनाथपुरा, जगदीश केवट कृपा शंकर शर्मा तेजा खेड़ी निर्भयसिंह विशन सिंह सेकनपुर के अलावा कई किसान उपस्थित रहे.

**मांग** लंबे अरसे से चली आ रही मांग अधूरी, राज्यमंत्री से राशि स्वीकृति की बात दोहराई

## सारंगपुर में अहिल्याबाई के नाम पर सड़क, चौराहा करने की मांग

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 01 जून, सं.** धनगर समाज ने रविवार को पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई. समाजजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर न्याय, सेवा, सुशासन और जनकल्याण के लिए किए गए कार्यों को याद किया. कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है. वहीं समाजजनों ने शहर में होल्कर चौराहा नामकरण, प्रतिमा स्थापना और धर्मशाला निर्माण की मांग भी उठाई.कार्यक्रम में विमुक्त, घुमंतू व अर्द्ध घुमंतू जनजाति महासंघ के पदाधिकारी, सुदर्शन नगर धनगर



पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश धनगर, सचिव अनिल धनगर, कोषाध्यक्ष कैलाश धनगर सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे. विमुक्त घुमंतू महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील धनगर ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में न्याय, धर्म, महिला सशक्तिकरण और लोककल्याण के क्षेत्र में ऐसे कार्य किए, जिन्हें आज भी आदर्श माना जाता है.

विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सम्मान पहुंचाने का काम किया. संतोष धनगर ने कहा कि लोकमाता ने अपने कुशल नेतृत्व से नारी सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत किया. उनके शासनकाल में सभी को समान न्याय मिलता था, इसलिए उन्हें न्याय की देवी के रूप में भी याद किया जाता है. पूर्व अध्यक्ष गुलाब सिंह धनगर ने उनके लोककल्याणकारी कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने देशभर में मंदिरों, घाटों, सड़कों और यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण कराया. साथ ही शिक्षा और न्याय व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

**प्रतिमा और धर्मशाला निर्माण की मांग दोहराई-** कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश धनगर, सचिव अनिल धनगर, उपाध्यक्ष अनोखी लाल धनगर, कैलाश धनगर, कपिल धनगर और जीवन धनगर ने लंबे समय से लंबित मांगों को दोहराते हुए शहर में देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा स्थापित करने, किसी प्रमुख चौराहे का नाम होल्कर चौराहा रखने और समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग उठाई.

समाजजनों ने कहा कि इस संबंध में क्षेत्रीय राज्यमंत्री से भी मांग की जाएगी. कार्यक्रम के अंत में पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश धनगर ने लोकमाता अहिल्याबाई के आदर्शों पर चलने और शिक्षा, सेवा व सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया. इस दौरान मुन्नालाल धनगर, केशरसिंह धनगर, प्रेम नारायण धनगर, टेकचंद धनगर, गौरव, दिलीप, पवन, राकेश सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे.

### समर कैंप में खिलाड़ी सीख रहे खेलों की बारीकियां

**सारंगपुर 01 जून, सं.** मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा समर कैम्प स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान पर आयोजित किया जा रहा है. जिसमे संभागीय अधिकारी शर्मिला डाबर ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर समर कैंप कि जानकारी ली. वहीं खिलाड़ियों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया. जिला क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र परमार ने बताया कि खिलाड़ियों में समर कैंप में अच्छा खासा जोश दिख रहा है. सारंगपुर सहा संयोजक व सचिव खो खो संघ भारत भैरवे ने बताया कि खिलाडी खेलों की बारीकियां सीख रहे है. समर कैंप में लाल सिंह लोधा, निलेश गोड़, महिमा पाटीदार, राहुल गोड़, अभिषेक बड़गोतिया, तोहिद खान, नमन गुप्ता, निखिल भेरवे, देव गिरजे आदि प्रशिक्षण दे रहे है.

वर्गीकृत विज्ञापन के लिए स्थान आज ही आरक्षित करें

क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़
B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27
प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)
ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक
दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक
महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26
नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.
विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.
योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%
आवश्यक दस्तावेज- 10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.
नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें
संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337
04 मई से -04 जून 2026

### आम सूचना

यह कि आवेदक के द्वारा माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी महोदय राजगढ़ के समक्ष अधिनस्त श्रीमान तहसीलदार महोदय, वृत्त राजगढ़ के नामांतरण पजी क 41 में पारित आदेश दिनांक 24.04.1994 जिसमें प्रत्यार्थी का नाम गलत अंकित किया गया जिससे कि दु:खी व असन्तुष्ट होकर अपील प्रस्तुत कि गई है. यह कि तत्कालीन हल्का पटवारी द्वारा नामांतरण के समय आवेदक का नाम ओमप्रकाश अंकित कर दिया जबकि आवेदक का नाम नागेन्द्र शरण अंकित होना था एवं इसी प्रकार आवेदक के पिता का नाम मोहनलाल अंकित कर दिया गया है जबकि आवेदक के पिता का नाम मदनमोहन अंकित होना था जो कि वास्तविक एवं सही है जो कि आवेदक के वोटर कार्ड, आधार कार्ड, अंकसूची एवं मृत्युप्रमाण पत्र में मदनमोहन के नाम से दर्ज है.

**यह कि आवेदक की मूल वंशावली इस प्रकार है**

**कूका पिता ऊंकार मृतक**
**लक्ष्मीनारायण मृतक**
**भगवती शरण मृतक**
**मदनमोहन मृतक**
**नागेन्द्र शरण, देवेन्द्र**
**गिरधरगोपाल, मनीष, महेन्द्र, पुष्पा, संतोषबाई**

तत्कालीन समय में फौती नामांतरण के समय उक्त नामांतरण पंजी में आवेदक का नाम ओमप्रकाश एवं मोहनलाल अंकित हो गया है जबकि आवेदक का वास्तविक नाम नागेन्द्र शरण एवं मदनमोहन जो कि त्रुटिवश अंकित हो गया है. जबकि मृतक कूका पिता ऊंकार के कोई मोहनलाल नाम कि संतान नही है न ही भगवतीशरण को कोई ओमप्रकाश नाम से संतान है. यह कि उक्त नाम ओमप्रकाश ही नागेन्द्र शरण है व मोहनलाल ही मदनमोहन है जो कि पृथक पृथक व्यक्ति नही है व दोनो ही एक ही व्यक्ति है. इस संबंध में नाग परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है यदि किसी भी व्यक्ति, अर्द्धशासकीय, शासकीय, प्रायवेट सस्था को कोई आपत्ति है तो वह प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अनुविभागीय अधिकारी महोदय राजगढ के कार्यालय में अपनी आपत्ति लिखित रुप में दर्ज करा सकता है.